# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, कटिहार।

Email – rwdkatihar@gmail.com

पत्रांक – 1039 /कटिहार, दिनांक – 15/06/2021

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, कटिहार ।

सेवा में,

Urvashi Construction & Company,
Prop-Pankaj Kumar Singh
Ward-11 At-Balutola, Thardhi,
P.O.-Nirpur, P.S.-B. Kothi
Dist.-Purnea (Bihar)
Mob No- 9801740148
Email- urvashiconstruction15@gmail.com

विषय – शीर्ष–MMGSY-SC अन्तर्गत् कार्य प्रमंडल कटिहार के अधीन New Tola Chandan Devi Mukhiya Ke Ghar To Mushahari पथ कार्य का पांचवर्षीय अनुरक्षण कार्य अविलंब करने के संबंध में ।

प्रसंग – सहायक अभियंता का पत्रांक–कैम्प (01) दिनाक 13.06.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि शीर्ष–MMGSY-SC अन्तर्गत् कार्य प्रमंडल कटिहार के अधीन Tola Chandan Devi Mukhiya Ke Ghar To Mushahari पथ का निर्माण कार्य आपके द्वारा कराया गया है जिसका कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि 11.11.2017 है। विदित है कि एकरारनामा के अनुसार कार्य समर्पित की तिथि से 5 वर्षों तक पथ में नियमित रुप से अनुरक्षण का कार्य आपके द्वारा किया जाना है। वर्तमान में पथ के प्रथम कि0मी0 में लगभग 50 मी0 की लं0 में सतह का Premixing कार्य पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावे पथ में कई छोटे बड़े गड्ढे हो गये हैं तथा Shoulders में raincuts हो गये हैं। साथ ही, झाड़ियों की कटाई एवं Road Furnitures का रंगाई किया जाना आवश्यक है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि पथ के अनुरक्षण के कार्य को अविलंब प्रारंभ कर पथ के सभो defects को सात दिनों के अन्दर पूर्णरुपेण ठीक कराना सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें। इस संबंध में पूर्व में भी कई बार आपको कहा जा चुका है। पत्र प्राप्ति के सात के अन्दर यदि अनुरक्षण के कार्य को पूर्ण नहीं कराया गया तो SBD की कंडिका–14.2 के आलोक में आपके एकरारनामा को विखण्डित करते हुए निबंधन को काली सूची में डालने के लिये कार्रवाई प्रारंभ कर कर दी जायेगी। साथ ही, अनुरक्षण कार्य को विभागीय रुप से कराकर व्यय की गई राशि को आपके जमानत की राशि (security deposit) से काटकर वसूल की जायेगी।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें।

विश्वासभाजन,
Kumar 15/6/2021
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल कटिहार।